# कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बिजनौर।

## विज्ञप्ति

राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ के पत्र सख्या–के0जी0बी0वी0 / 11308 / 2022–23 दिनांक 14–02–2023 के क्रम में शासनादेश संख्या–2805 / 68–5–2023–02 / 2020 दिनांक 01–02–2023 में दिये गये निर्देशों के अनुपालन मे शासनादेश संख्या–1553 / 68–5–2020, बेसिक शिक्षा अनुभाग–5 लखनऊ, दिनांक 11–12–2020 के क्रम में जनपद–बिजनौर के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों में नियत मानदेय एवं संविदा के आधार पर शिक्षक / शिक्षणेत्तर कर्मियों की नियुक्ति हेतु इच्छुक अर्ह एवं योग्य महिला अभ्यर्थियों से निम्नवत् रिक्त पदों पर पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बैराज रोड जनपद–बिजनौर में निर्धारित प्रारुप पर दिनांक 27–03–2024 की सायँ 05:00 बजें तक निर्धारित शर्तों के अधीन आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते हैं। पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम(साधारण डाक / कोरियर) तथा विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्रों को स्वीकार नहीं किया जायेगा। उक्त चयन विशेष अनुज्ञा याचिका संख्या–13553 / 2022 स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर बनाम सरोज मौर्या व अन्य में मा0उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अधीन होगा।

| क्र0 सं0 | पदनाम | विषय | मानदेय प्रतिमाह रू0 | रिक्त पदों का विवरण | | | | | शैक्षिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | GEN | OBC | SC | ST | कुल पद | |
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षिका | अंग्रेजी | 22000 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | अंग्रेजी विषय से स्नातक तथा एन0सी0टी0ई0 से मान्यता प्राप्त बी0एड0 / समकक्ष एल0टी0 एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 परीक्षा उत्तीर्ण। |
| 2 | अंशकालिक शिक्षिका | कला, क्राफ्ट एवं संगीत | 9800 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | सम्बन्धित विषय में स्नातक उपाधि सहित एन0सी0टी0ई0 से मान्यता प्राप्त बी0एड0 / समकक्ष एल0टी0 परीक्षा उत्तीर्ण। |
| 3 | अंशकालिक शिक्षिका | शारीरिक शिक्षा | 9800 | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | बी0पी0एड0, सी0पी0एड0 एवं डी0पी0एड0 आदि उपाधि। |
| 4 | उर्दू विषय | उर्दू विषय | 13200 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | बी0ए0 उर्दू विषय से तथा एल0टी0 या बी0टी0 या बी0एड0 या अन्य समकक्ष शिक्षा अथवा शिक्षण में डिग्री या डिप्लोमा। |
| 5 | मुख्य रसोईया | – | 6900 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | कक्षा–8 उत्तीर्ण, शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रसित न हो एवं भोजन बनाने मे निपुण हो। |
| 6 | सहायक रसोईया | – | 5175 | 3 | 1 | 1 | 1 | 6 | कक्षा–8 उत्तीर्ण, शारीरिक अक्षमता एव संक्रामक रोग से ग्रसित न हो एवं भोजन बनाने मे निपुण हो। |
| 7 | चपरासी | – | 5750 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | कक्षा–8 उत्तीर्ण, शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रसित न हो। |
| योग | | | | 6 | 4 | 1 | 2 | 13 | |

रिक्तियों की संख्या घट एवं बढ़ सकती है।

# नियम एवं शर्ते

1— आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर साफ एवं सुन्दर अक्षरों में हस्तलिखित/टंकित ही स्वीकार्य होगा। अस्पष्ट, अपूर्ण एवं हस्ताक्षर न किये गये आवेदन पत्रों को निरस्त कर दिया जायेगा।

2— पूर्णकालिक शिक्षिका, अंशकालिक शिक्षिका, उर्दू शिक्षिका, लेखाकार, सहायक रसोईया, चपरासी एवं चौकीदार के पदों पर केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होंगी।

3— सहायक रसोईया, चपरासी एवं चौकीदार का चयन साक्षात्कार के आधार पर होगा तथा शेष पदों पर चयन मेरिट एवं काउन्सलिंग के आधार पर किया जायेगा।

4— सभी पदों पर मानदेय राज्य परियोजना कार्यालय के द्वारा समय—समय पर दिये गये निर्देशों के अनुसार देय होगा।

5— आवेदन पत्र के लिफाफे पर आवेदित पद का नाम, श्रेणी, विषय के साथ स्पष्ट मोटे अक्षरों में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय अंकित होना आवश्यक है, अन्यथा आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा।

6— आवेदन पत्र के साथ अंक पत्रों, प्रमाण पत्रों(शैक्षिक एवं प्रशिक्षण), चरित्र प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र एवं निवास प्रमाण पत्र जो सक्षम अधिकारी प्रदत्त हो तथा आधार कार्ड की स्वप्रमाणित प्रतियां संलग्न की जाये। शैक्षणिक पदों के लिए अभ्यर्थी को स्नातक परीक्षा के तीनों वर्षो की अंकतालिका की स्व प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। साक्षात्कार/काउन्सिलिंग के समय समस्त उपरोक्त सम्बन्धित मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

7— आवेदन पत्र के साथ स्वयं का पता लिखे दो लिफाफे जिसमें प्रत्येक पर रू0—30.00 का डाक टिकट लगा हो। संलग्न करना अनिवार्य है।

8— समस्त पदों हेतु आयु 01, अप्रैल 2024 को न्यूनतम 25 वर्ष तथा अधिकतम 45 वर्ष होनी अनिवार्य है।

9— के0जी0बी0वी0 के ऐसे शिक्षक/शिक्षिका जो सत्र 2020—21 में संविदा से वंचित हो गये है। उनके द्वारा आवेदन के समय सम्बन्धित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र एवं नियुक्ति पत्र संलग्न करने पर ही रा0प0का0 के निर्देश के क्रम में नियमानुसार अधिकतम 30 अंक भारांक, टी0ई0टी0 तथा आयु में छूट प्रदान की जाएगी।

10— अभ्यर्थियों को साक्षात्कार/काउन्सिलिंग के लिए आने—जाने हेतु कोई यात्रा भत्ता नहीं दिया जायेगा।

11— पूर्णकालिक शिक्षिका, चौकीदार एवं सहायक रसोईया के पद पर नियुक्ति के उपरान्त विद्यालय में रात्रि निवास करना अनिवार्य होगा।

12— उक्त पद पर चयन शैक्षिक सत्र 2024—25 के लिए होगा। कार्य एवं व्यवहार संतोषजनक पाये जाने पर ही संविदा अवधि अगले शैक्षिक सत्र के लिए बढ़ायी जायेगी। सेवायें सन्तोषजनक न होने पर बिना किसी पूर्व नोटिस के संविदा किसी भी समय समाप्त की जा सकती है।

13— विज्ञापित रिक्तियों की संख्या घट—बढ़ सकती है, जिसके सम्बन्ध में विषयवार एवं पदवार आरक्षण का निर्धारण चयन समिति के निर्णय के अधीन होगा।

14— प्रत्येक पद के लिए पृथक—पृथक आवेदन करना होगा।

15— अपरिहार्य स्थिति में विज्ञप्ति बिना कारण बताये निरस्त की जा सकती है। जिस हेतु कोई भी वाद मान्य नहीं होगा। उपरोक्त समस्त चयन मा0न्यायालय में योजित याचिकाओं में मा0 न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अधीन होगा।

16— किसी सेवा से बर्खास्त, नैतिक/चारित्रिक अधमता के अपराध के लिए दोष शुद्ध एवं दिवालिया व्यक्ति चयन के लिए अर्ह नहीं होंगे।

17— आवश्यक नियम व शर्ते एवं आवेदन पत्र का प्रारूप जनपद की एन0आई0सी0 की वेबसाईट www.bijnor.nic.in पर उपलब्ध है एवं किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से भी प्राप्त किया जा सकता है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
बिजनौर।

# के0जी0बी0वी0 हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप(वर्ष–2023–24)

| प्रमाणित फोटोग्राफ |
|---|

1– आवेदित पद का नाम–
2– आवेदित विषय का नाम–
3– आवेदक का नाम–
4– पिता का नाम–
5– पति का नाम–
6– माता का नाम–
7– स्थायी पता (थाना एवं पिन कोड सहित)–

8– पत्राचार का पता (थाना एवं पिन कोड सहित)–

9– मोबाईल नम्बर– आधार नम्बर–
10– जन्मतिथि (हाईस्कूल प्रमाण पत्र के अनुसार)–
11– दिनांक 01, अप्रैल 2024 को आयु– ......................वर्ष ......................माह ...................दिन
12– आरक्षित श्रेणी (अनारक्षित/अन्य पिछड़ा वर्ग/अनु0 जाति/अनु0 जनजाति)–
13– वैवाहिक स्थिति(विवाहित/अविवाहित)–
14– शैक्षिक योग्यता–

| क्र0 सं0 | परीक्षा का नाम | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | परीक्षा वर्ष | विषय | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कक्षा–8(इस कॉलम को केवल चपरासी, चौकीदार एवं सहायक रसोईया द्वारा भरा जायेगा | | | | | | |
| 2 | हाईस्कूल | | | | | | |
| 3 | इण्टरमीडिएट | | | | | | |
| 4 | स्नातक | | | | | | |
| 5 | बी0एड0/एल0टी0 | | | | | | |
| 6 | अध्यापक पत्रता परीक्षा टी0ई0टी0/सी0टी0ई0टी0 (उच्च प्राथमिक स्तर) | | | | | | |
| 7 | कम्प्यूटर में डिग्री/डिप्लोमा | | | | | | |
| 8 | अन्य | | | | | | |

16– के0जी0बी0वी0 में कार्य करने के अनुभव का विवरण (बी0एस0ए0 द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है)–

| क्र0 सं0 | पूर्व में कार्यरत विद्यालय का नाम | ब्लॉक | जनपद | कब से | कब तक | शिक्षण कार्य का अनुभव (वर्ष एवं माह में) | नवीन संविदा वर्ष 2023–24 के लिये हुई अथवा नहीं |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

17– संलग्नक का विवरण नाम सहित–

1– 2–
3– 4–
5– 6–
7– 8–
9– 10–

## घोषणा–पत्र

मैं ............................. शपथपूर्वक घोषणा करती हूँ कि आवेदन पत्र में दिया गया विवरण/तथ्य मेरी जानकारी में सत्य है। कोई भी तथ्य छिपाया नहीं गया है। यदि चयन के पूर्व अथवा बाद में जाँचोपरान्त कोई भी विवरण असत्य/मिथ्या/कूटरचित पाया जाता है, तो मेरा चयन निरस्त कर दिया जाये और जो भी दण्ड दिया जायेगा, उसके लिये मैं स्वयं उत्तरदायी होऊँगी।

दिनांक– अभ्यर्थी के हस्ताक्षर–
स्थान– अभ्यर्थी का नाम–

VACANCY 1